## दिनांक 23.04.2018 को आयोजित IFAD-ILSP की परियोजना प्रबन्धन समिति (PMC) की नवीं (9वीं) बैठक का कार्यवृत्त

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (ILSP) की प्रबन्धन समिति की नवीं (9वीं) बैठक दिनांक 23.04.2018 को पूर्वाह्न 11.30 बजे डॉ0 रनवीर सिंह, अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्धन समिति, ILSP की अध्यक्षता में FRDC सभागार सचिवालय, देहरादून में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थिति का विवरण एवं कार्यवृत्त निम्नवत है:

उपस्थित सदस्यों /प्रतिनिधि का विवरण :–

1. प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन, श्रीमति मनीषा पंवार।
2. मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP, श्री डी0सेन्थिल पाण्डियन।
3. परियोजना निदेशक, परियोजना समिति–जलागम प्रबन्ध निदेशालय (PS-WMD) श्री कपिल लाल।
4. अपर सचिव, कृषि, उत्तराखण्ड शासन एवं अपर परियोजना निदेशक, UGVS /प्रबन्ध निदेशक, उपासक, डा0 राम बिलास यादव।
5. अपर सचिव, उद्यान, उत्तराखण्ड शासन, डा0 मेहरबान सिंह बिष्ट।
6. अपर सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन, श्री बी0एम0मिश्रा।
7. अपर सचिव, पंचायती राज, उत्तराखण्ड शासन, श्री एस0सी0सेमवाल।
8. अपर सचिव, वित्त के प्रतिनिधि, अनु सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन, श्री एस0पी0तिवारी।
9. अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू0एस0आर0एल0एम0, श्री एस0एस0चौहान।
10. सलाहकार, बैकिंग एवं वित्त, उपासक, श्री आर0एस0गोदियाल।
11. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपासक के प्रतिनिधि, प्रबन्धक–वित्त एवं एडमिन, उपासक श्री डी0पी0गैरोला।

उपरोक्त के अतिरिक्त परियोजना के प्रबन्धक व अधिकारी गणों तथा विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा उक्त बैठक में प्रतिभाग किया गया।

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की प्रबन्धन समिति के सदस्य सचिव / मुख्य परियोजना निदेशक, ILSP, श्री डी0सेन्थिल पाण्डियन द्वारा प्रबन्धन समिति की **नवीं (9वीं)** बैठक में सदस्यों की गणपूर्ति पूर्ण होने के क्रम में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से उपस्थित सभी सदस्यों एवं विशेष आमंत्रिओं का स्वागत करते हुये एजेन्डा के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। बिन्दुवार बैठक का कार्यवृत्त निम्नवत् है:–

### कार्यसूची PMC: 9.01: एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना प्रबन्धन समिति की दिनांक 26.09.2016 को आयोजित आठवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।

सदस्य सचिव / मुख्य परियोजना निदेशक, ILSP, श्री डी0सेन्थिल पाण्डियन द्वारा अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना प्रबन्धन समिति की आठवीं बैठक **अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्धन समिति, ILSP की अध्यक्षता में** दिनांक 26.09.2016 को सम्पन्न हुई। उक्त बैठक का कार्यवृत्त पत्रांक PMC-8/2016-17 दिनांक 27.09.2016 के माध्यम से सभी सदस्यों को प्रेषित किया गया। बैठक का कार्यवृत्त सुलभ संदर्भ हेतु सदस्यगणों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया।

**सदस्यगणों द्वारा उक्त कार्यवृत्त का अवलोकन कर पुष्टि की गई।**

कार्यसूची PMC: 9.02: एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की दिनांक 26.09.2016 को आयोजित परियोजना प्रबन्धन समिति की आठवीं बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन की स्थिति।

सदस्य सचिव/मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना प्रबन्धन कमेटी की दिनांक 26.09.2016 को सम्पन्न हुई आठवीं बैठक में समिति द्वारा तात्कालिक मुद्दों/ बिन्दुओं को इंगित किया गया था जिन पर तत्समय अनुपालन किया जा चुका है। कार्यसूची **PMC: 8.04** पर वित्तीय वर्ष 2015-16 के लेखा की वार्षिक अंकेक्षण रिपोर्ट पर समिति द्वारा दिये गये निर्देशों पर अनुपालन की स्थिति निम्नानुसार है:-

| समिति के निर्देश | अनुपालन की स्थिति |
|---|---|
| (i) परियोजना गतिविधियों के कियान्वयन में यथासम्भव नकद भुगतान बंद कर चैक/बैंक के माध्यम से भुगतान किया जाये एवं फील्ड में ग्राम स्तर पर कार्यरत कार्यकर्ताओं को मासिक मानदेय का भुगतान भी चैक/बैंक के माध्यम से करना सुनिश्चित किया जाये। | (i) समिति के निर्देशानुसार दिनांक 21.09.2016 को पत्रांक 1510 के माध्यम से समस्त प्रभागीय प्रबन्धकों एवं परियोजना प्रबन्धन इकाई के प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया एवं तद्नुसार यथासम्भव भुगतान चैक/बैंक के माध्यम से किये जा रहे हैं। |
| (ii) परियोजना समिति, जलागम प्रबन्ध निदेशालय (PS-WMD) को Non Profitable संस्था होने के कम में Income Tax Act के अन्तर्गत Section 12 AA में पंजीकरण कराया जाना आवश्यक है। अन्यथा भविष्य में संस्था द्वारा प्राप्त किये गये Grant Fund पर भारी Tax/ जुर्माना Income Tax विभाग द्वारा लगाया जा सकता है। | (i) परियोजना समिति, जलागम प्रबन्ध निदेशालय (PS-WMD) द्वारा Income Tax Act के अन्तर्गत Section 12 AA में पंजीकरण कराया जा चुका है। पंजीकरण संख्या 516/2180/2016-17 है। |

**सदस्यगण द्वारा अनुपालन की स्थिति को संज्ञानार्थ लिया गया।**

## कार्यसूची PMC: 9.03: संशोधित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट वर्ष 2017-18 का कार्योत्तर अनुमोदन।

मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा सदस्यगणों के संज्ञान में लाया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2017-18 को रू0 **201.21 करोड़** की धनराशि से रू0 **201.16 करोड** संशोधित कर आईफैड से सहमति प्राप्त की गई तथा तद्नुसार कार्य किए जा चुके हैं। उक्त वार्षिक कार्ययोजना कार्योत्तर अनुमोदन हेतु निम्नानुसार सदस्यगणों के समक्ष प्रस्तुत की गई एवं विस्तृत विवरण भी पृथक से सदस्यगणों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया।

| Component | RAWPB 2017-18 | | Financing Plan (Rs.000) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Sub-Component** | **Units** | **Amount (Rs.000)** | **GoUK & IFAD** | **Banks** | **Bene** |
| **Food Security & Livelihood Enhancement** | 25605 | 798956 | 669640 | | 54744 |
| **Participatory Watershed Management** | 5367 | 785595 | 477479 | 0 | 26273 |
| **Livelihood Finance - UPASaC** | 313 | 396557 | 20307 | 341939 | 0 |
| **Project Management** | | | | | |
| Central Project Coordination Unit | 72 | 5990 | 2832 | | |
| M&E and KM-UGVS | 628 | 14451 | 12868 | | |
| M&E and KM-WMD | 265 | 10113 | 3708 | | |
| **Sub Total** | 965 | 30554 | 19408 | 0 | 0 |
| **TOTAL** | 32250 | 2011662 | 1186834 | 341939 | 81017 |

उपरोक्तानुसार अवलोकन कर एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना हेतु वित्तीय वर्ष 2017–18 के संशोधित वार्षिक बजट रू0 201.16 करोड को समिति द्वारा कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यसूची PMC: 9.04:**

<u>एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2017–18 के लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की अद्यतन स्थिति</u> :–

सदस्य सचिव श्री डी0सेन्थिल पाण्डियन द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2017–18 हेतु संशोधित वार्षिक कार्ययोजना (RAWPB) रू0 **201.16 करोड** है जिसमें रू॰ 42.29 करोड़ Beneficiary Contribution तथा Bank Finance इत्यादि सम्मिलित है। उक्त के सापेक्ष दिनांक 31.03.2018 तक **रू॰160.97 करोड़** की प्रगति की गई है। इस कम में MIS से सृजित गतिविधियों की प्रगति का विवरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उपलब्धियों का घटक व उपघटकवार निम्नानुसार विवरण पर समिति समक्ष प्रस्तुतीकरण किया गया।

| Component | RAWPB 2017-18 | |
|---|---|---|
| **Sub-Component** | **Target (Rs.000)** | **Total Progress** |
| **Food Security & Livelihood Enhancement** | 798956 | 724384 |
| **Participatory Watershed Management** | 785595 | 503752 |
| **Livelihood Finance - UPASaC** | 396557 | 366652 |
| **Project Management** | | |
| Central Project Coordination Unit | 5990 | 2832 |
| M&E and KM-UGVS | 14451 | 12868 |
| M&E and KM-WMD | 10113 | 3708 |
| **Sub Total** | 30554 | 19408 |
| **TOTAL** | 2011662 | 1614196 |

समिति द्वारा उपरोक्तानुसार बजट के सापेक्ष 80.24% प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया तथा आधारभूत सुविधाएं यथा कलेक्शन सेन्टर, लघु कलेक्शन सेन्टर, L.D.P.E. टैंक, Fodder Development, Fellow Land आदि के कार्यो को इस वित्तीय वर्ष में पूर्ण कर लिया जाए ताकि शेष अवधि में इनको संचालित किया जा सके।

**कार्यसूची PMC: 9.05:**

**एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2016–17 के लेखा का वार्षिक अंकेक्षण रिपोर्ट तथा Balance Sheet का अनुमोदन।**

समिति को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2016–17 में एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की गतिविधयों का ऑडिट CA Firm M/s Ansul Agrawal & Company के द्वारा किया गया। उक्त CA फर्म का चयन राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक निविदा के माध्यम से किया गया। ऑडिट उपरान्त CA Firm द्वारा निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराए गये Project Financial Statement तथा तीनों कियान्वयन अभिकरणों की आडिट रिपोर्ट एवं Management Letter सदस्यगणों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किये गये।

समिति द्वारा अवलोकन कर उपरोक्त ऑडिट रिपोर्ट को अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यसूची PMC: 9.06:**

**प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट वर्ष 2018–19 का अनुमोदन**

मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना हेतु वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए **रू॰ 220.72 करोड़** की वार्षिक कार्ययोजना/बजट तैयार किया गया है जिसकी मुख्य गतिविधियों का विवरण सदस्यगणों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया।

| Component | AWPB 2018-2019 | | Financing Plan (000) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Sub-Component | Units | Amount (000) | GoUK | IFAD | Banks | Beneficiary |
| FOOD SECURITY & LIVELIHOOD ENHANCEMENT | 18002 | 1005522 | 112621 | 860581 | - | 32320 |
| PARTICIPATORY WATERSHED MANAGEMENT | 5574 | 752234 | 138140 | 560648 | - | 53446 |
| LIVELIHOOD FINANCE - UPASaC | 7330 | 409084 | 37087 | 21997 | 350000 | - |
| **PROJECT MANAGEMENT** | | | | | | |
| Central Project Coordination Unit | 136 | 14175 | 2849 | 11327 | - | - |
| M&E and KM-UGVS | 610 | 15814 | 2556 | 13258 | - | - |
| M&E and Knowledge Management (WMD) | 260 | 10449 | 3199 | 7250 | - | - |
| **Sub total** | **1006** | **40438** | **8604** | **31834** | - | - |
| **Grand Total** | **31912** | **2207278** | **296452** | **1475060** | **350000** | **85766** |

समिति के यह भी संज्ञान में लाया गया कि उक्त प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना/बजट 2018–19 को अनुमोदन के उपरान्त मुख्य सचिव महोदय, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में परियोजना संचालन समिति की आगामी बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जायेगा।

समिति द्वारा एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए उपरोक्त प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना रू० 220.72 करोड को अनुमोदन प्रदान किया गया।

## कार्यसूची PMC: 9.07:
## एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए **Annual Statutory Auditor** के चयन हेतु मुख्य परियोजना निदेशक, ILSP को अधिकृत करने के संबंध में।

समिति के संज्ञान में लाया गया कि राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक निविदा के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2016–17 के खातों के वार्षिक अंकेक्षण हेतु M/s Ansul Agrawal & Company, Chartered Accountant Firm का चयन किया गया था। वित्तीय वर्ष 2017–18 के एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (ILSP) के खातों का वर्षिक ऑडिट कराये जाने हेतु Chartered Accountant Firm के चयन के लिए मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP को अधिकृत किया जाना समिति के समक्ष प्रस्तावित किया गया।

समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 के **ILSP** परियोजना के खातों का वर्षिक ऑडिट कराये जाने हेतु **Chartered Accountant Firm** चयन के लिए मुख्य परियोजना निदेशक, **CPCU-ILSP** को अधिकृत किया गया।

7/5/2018

| | |
|---|---|
| (डी0सेन्थिल पाण्डियन) | (डॉ0 रणवीर सिंह) |
| सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन समिति | अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं |
| एवं मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP | अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्धन समिति, ILSP |

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (IFAD- ILSP)
केन्द्रीय परियोजना समन्वयन इकाई (CPCU)
(ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
216, पंडितवाड़ी, फेज– II, देहरादून, उत्तराखण्ड, दूरभाष 0135–2773800

पत्रांक 28 / PMC-IX / 2018–19 दिनांक 16.05.2018

प्रतिलिपि :– निम्न को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन/अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्धन समिति, ILSP के संज्ञानार्थ।
2. प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन के संज्ञानार्थ।
3. सचिव, जलागम देहरादून।
4. परियोजना निदेशक, उत्तराखण्ड जलागम विकास इकाई, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून।
5. अपर सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन।
6. अपर सचिव/निदेशक पंचायती राज, उत्तराखण्ड शासन।
7. अपर सचिव कृषि, उत्तराखण्ड शासन।
8. अपर सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन।
9. अपर सचिव, पर्यटन, उत्तराखण्ड शासन।
10. अपर सचिव, उद्यान, उत्तराखण्ड शासन।
11. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपासक।
12. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू॰एस॰एन॰आर॰एल॰एम॰, देहरादून।

(डी0सेन्थिल पाण्डियन)
सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन समिति
एवं मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP